चित्रों की भाषा

यह चित्र नीदरलैण्ड के जाने-माने चित्रकार पीटर ब्रॉयगल ने बनाया है। इस चित्र का शीर्षक तो तुमने बूझ ही लिया होगा – चिल्ड्रन्स गेम्स! ज़रा देखो, इसमें कितना कुछ हो रहा है। अगर तुम्हें किसी दोस्त को इस चित्र की एक-एक चीज़ बतानी हो तो शायद एक पूरा दिन ही खर्च हो जाए।

रेलगाड़ी-रेलगाड़ी खेल चल रहा है यहाँ! और भी कई खेलों की झलकें मिल जाएँगी जो तुमने कभी न कभी खेले होंगे। इस चित्र से तुम्हें किसी नए खेल का आइडिया भी मिल सकता है।

कुछ सवाल कुछ जानकारी

इस चित्र को ब्रॉयगल ने शाहबलूत (**oak**) पेड़ की लकड़ी के पैनल पर ऑइल पेण्ट से बनाया है।

तुम्हारा पसन्दीदा खेल कौन-सा है?

क्या तुम इस खेल की झलक देता एक चित्र बना सकते हो?

ब्रॉयगल का यह चित्र शायद इसमें तुम्हारी मदद करे।

यह कौन-सा रंग है? क्या तुम अपने पेंट बॉक्स में रखे रंगों को मिलाकर इसे बना सकते हो? ब्रॉयगल इस रंग को अकसर इस्तेमाल करते थे।

यह रहा नीदरलैण्ड! ब्रॉयगल यहाँ सोलहवीं सदी में रहते थे।

प्रस्तुति : शैफाली